Phone & Fax no. 0135-2658294 E-mail: cfshiwa-forest-uk@nic.in

# कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक- 2750/ 12-1 दिनांक, देहरादून 01 मई, 2024 जून

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

**विषयः**— जनपद—देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के अंतर्गत सनगांव से नाही कलां तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु पूर्व में 3.238 है0 (2.03 है०) वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण।

**संदर्भः**— पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक 8बी/यू.सी.पी./06/88/2020 एफ.सी. दिनांक 29.03.2024 एवं प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग, देहरादून का पत्रांक—6761/12—1, दिनांक 21.05.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून द्वारा अपने संदर्भित पत्र के माध्यम से वांछित सूचना इस कार्यालय को निम्न प्रकार प्रेषित की गयी हैं—

| क्र0 | वांछित सूचना | प्रत्युत्तर |
|---|---|---|
| 1 | However, the proposed diversion area has been revised from 3.238 ha to 2.03 ha but it has been seen that at some place in online Part-I the area has not been revised. The State Government is requested to revise the area at all designated places in online Part I. | प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून द्वारा अवगत कराया गया है कि NIC नई दिल्ली से ऑनलाईन पार्ट—1 में संशोधित क्षेत्र 2.03 है० करा दिया गया है। |
| 2 | After examination of the kML file of the proposed road, it is observed that there is already an existing road available in the area. State Government shall provide justification/ clarification in this regard. | क्षेत्र में पहले से ही उपलब्ध सड़क जो 1980 से पूर्व निर्मित है, को वन विभाग द्वारा फायर लाईन के रूप में उपयोग किया जाता है। उक्त मार्ग के०एम०एल० फाईल में अतिरिक्त मार्ग के रूप में प्रदर्शित हो रहा है, की चौड़ाई एवं ग्रेड लो०नि०वि० मानकों के अनुरूप नहीं है। उक्त मार्ग पर वर्तमान में यातायात असुरक्षित एवं असुविधाजनक है। प्रस्तावित मार्ग निर्माण होने से सनगांव, नाहीकलां, सिंधवाल गांव, तोक के ग्रामवासियों को देहरादून शहर तक आने—जाने चिकित्सा, शिक्षा व अपनी कृषि उपज को देहरादून मंडी तक पहुंचाने के साथ ही पिछड़े क्षेत्र का भी विकास होगा। इस मोटर मार्ग के निर्माण से यातायात सुगम हो जायेगा। |
| 3 | The KML file of proposed diversion area comes to 5.13 ha instead of 2.03 ha. State Government shall provide clarification in this regard. | के०एम०एल० फाईल को अलग—अलग रंगों से प्रदर्शित कर दिया गया है। आरक्षित वन भूमि को हरे रंग से सिविल / समाज भूमि को नीले रंग से तथा नाप भूमि को पीले रंग से प्रदर्शित कर दिया गया है। |

उपरोक्तानुसार सूचना ऑनलाईन व ऑफलाईन अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

भवदीय

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

पत्रांक— 2750/12-1 दिनांकित।

**प्रतिलिपि**— प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को उपरोक्त पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(राजीव धीमान)
वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

o/c